11. समानार्थी शब्द

किसी शब्द का एक जैसा या समान अर्थ बताने वाले शब्द समानार्थी या पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। ये समान अर्थ एक से अधिक होते हैं तथा इनका रूप अलग होता है पर अर्थ समान ही रहता है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पाठ पृष्ठ 49 पर दिए उदाहरण की सहायता से समानार्थी शब्द समझाएँ।
- ❖ कोई शब्द बोलें और बच्चों से जानने का प्रयास करें कि क्या वे उसका समान अर्थ वाला शब्द जानते हैं। यदि हाँ तो वे शब्द पूछें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 50 पर दिए समान अर्थ वाले शब्दों की सूची बच्चों से ही पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समान अवसर दें।
- ❖ बताएँ, किसी शब्द का समान अर्थ वाला शब्द संस्कृत भाषा का शब्द भी हो सकता है। जैसे– आग को संस्कृत में अग्नि भी कहते हैं आदि।
- ❖ समानार्थी शब्द याद करवाकर सुनें।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाएँ, आवश्यकता हो तो सहायता करें।